# एससी, एसटी अत्याचार के प्रकरणों में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि एससी, एसटी अत्याचार के प्रकरणों में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ सामाजिक समरसता की दिशा में भी प्रयास किए जाएं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बुधवार को आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर ने ये निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस और अभियोजन अधिकारी समन्वय से कार्य करें। जांच के स्तर पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के मद्देनजर पुलिस अनुसंधान कार्य में तेजी लाए। संबंधित एजेंसियां समन्वित रूप से काम करें और पीड़ित को न्याय दिलवाएं। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव ने पुलिस द्वारा प्रत्येक प्रकरण में नियम सम्मत और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के 114 प्रकरणों में से 63 प्रकरणों में चालान प्रस्तुत कर 154 लाख रुपए की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति वर्ग के 5 प्रकरणों से एक में चालान प्रस्तुत कर 8 लाख मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। बैठक में



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक को संबोधित किया।

■ जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में ये निर्देश दिए

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) पंकज शर्मा, विशिष्ट लोक अभियोजक (एससी-एसटी सेल) कुंदन व्यास, सहायक निदेशक (अभियोजन) भगवान सिंह राठौड़, समिति के सदस्य डूंगर राम परिहार मुरलीधर पन्नू और ललित तेजस्वी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि नशे के कारण अन्य अपराध बढ़ने की संभावना रहती है। इसके मद्देनजर नशाखोरी के विरुद्ध सघन अभियान के रूप में कार्यवाही की जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि युवा पीढ़ी के भविष्य को नशे के अंधकार से बचाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करें और छोटे- छोटे नेटवर्क को ध्वस्त करने की कार्यवाही करें। बैठक में नशीली दवा व ड्रग्स का उपयोग, मादक पदार्थों का उपयोग व तस्करी रोकने, नशामुक्ति केन्द्र की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव ने कहा कि तस्करी रोकने हेतु सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के लिए कम्युनिटी पार्टिसिपेशन सबसे जरूरी है। संबंधित एजेंसियां इस पर विशेष ध्यान देते हुए स्थानीय भागीदारी के लिए अभियान चलाएं।

**हनुमानगढ़।** जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना को लेकर बैठक लेते हुए योजना के प्रस्ताव संबंधित विभागों को अविलम्ब तैयार कर जिला परिषद भिजवाने के निर्देश दिए हैं। योजनातर्गत जिला कलेक्टर द्वारा राज्य स्तरीय समिति की अनुशंषा उपरांत वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों के संबंध में सीईओ जिला परिषद द्वारा विभागीय ई-वर्क पोर्टल पर ऑनलाइन प्रदर्शित किया जायेगा। सीईओ जिला परिषद अशोक असीजा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा 2022-23 अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसरण में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना प्रारंभ की जा रही हैं। योजना में क्रिटिकल गैप फंड वर्तमान में जिले हेतु राशि 2.77 करोड़ प्रति जिला वार्षिक कार्य योजना निर्धारण हेतुका प्रावधान किया गया है।

असीजा ने बताया कि इसमें विभिन्न योजनाओं के अभिसरण पर विशेष बल दिया जायेगा ताकि पारस्परिक समन्वय से इसमें बेहतर कार्य हो सकें।

## गणेश महोत्सव मनाया

**नोखा,** (कासं)। मंदिरों में अल सुबह से ही भगवान गणेश की प्रतिमा का अभिषेक प्रारंभ हुआ तो दोपहर बाद घरों में गणपति की पूजा की गई।

बुधवार को घरों, मोहल्लों, मंदिरों में हर जगह एक ही स्वर गणपति बप्पा मोरया सुनाई दे रहा था। जय गणेश, जय जय गणेश। नोखा के गणेश जी, हनुमानजी मंदिर परिसर में भी गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। इसी के साथ आठ दिवसीय गणेश महोत्सव का आरंभ हुआ। गणेश व हनुमान मंदिर में भगवान गणेश का जन्मोत्सव बुधवार को मनाया गया। पंडित अशोक रांकावत के सानिध्य में गजानंद भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती की गई।

भगवान गणेश को 401 किलो मोतीचूर के लड्डू का महाभोग लगाकर सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया। श्री गणेश जन्मोत्सव समिति के पुरुषोत्तम तापड़िया, महामंत्री हरिकिशन चांडक, श्याम सुंदर रांकावत, राजू रांकावत, कार्यकर्ता जगदीश तापड़िया, संजय चोरडिया, महेन्द्र तिवारी, सुनील संचेती, दिनेश सिंधी, महेन्द्र माली, ओमप्रकाश तिवारी, अशोक पिंचा सहित पूरी टीम व्यवस्था में लगी हुई है। मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर नोखा पुलिस के अधिकारी, जवान व महिला कानि व्यवस्था बनाने में जुटे हुए है। 9 सितम्बर को गणेश-हनुमान मंदिर से शाम को 4 बजे श्री गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकलेगी।

### सार-समाचार

## सेवानिवृत होने पर सम्मानित



**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (आईएएसई) बीकानेर के उप प्राचार्य रामू मीना के राजकीय सेवा में 37 वर्ष की सेवा करने के बाद सेवानिवृत होने पर शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में संघ की ओर से माला व साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सलावद ने बताया कि रामू मीना ने वरिष्ट अध्यापक से सेवा शुरू की। उसके बाद व्याख्याता, प्रधानाचार्य, विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के उच्च पदों पर आसीन रहें। प्राचार्य रामू मीना ने कहा कि मैं लम्बे समय से शिक्षक संघ रेसटा द्वारा शिक्षक हितों मे किए जा रहे कार्यों को देख रहा हूं ओर कह सकता हूं कि राज्य का एकमात्र संघ है जो निस्वार्थ भाव से राज्य में प्रबोधक से लेकर प्रधानाचार्य के हितों के लिए हमेशा तैयार रहता है। मुझे आशा है आगे भी इसी प्रकार से कार्य करता रहेगा। इस मौके पर प्राचार्य रामू मीना, शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, श्यामसुंदर बिश्नोई, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम डूडी, जिला प्रवक्ता पवन कुमार शर्मा, जिला महासचिव संजीव कुमार यादव, जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा, इमरान खान जावच, पूर्व तहसीलदार मदनलाल मीणा आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया



**बीकानेर,** (कासं)। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर सेरूणा के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ दौलतराम भारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने मंगलवार को पूनरासर मेला रूट में आने वाले सभी मुख्य स्वास्थ्य केनद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सेरूणा चिकित्सा अधिकारी अपने ड्यूटी मुख्यालय पर मौजूद नहीं थे जबकि मेले और मौसमी बीमारियों के मद्देनजर विशेष रुप से 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। समय- समय पर निर्देश जारी किये गए हैं। नोटिस का 3 दिन में संतोषजनक प्रत्युत्तर ना मिलने पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इसके अतिरिक्त डॉ अबरार ने गुसाईसर, नौरंगदेसर, श्रीडूंगरगढ़ व लखासर स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जहां कमोबेश सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। डॉ अबरार ने सभी मेला रूट के स्वास्थ्य केन्द्रों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने, समस्त कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करने तथा मेलों के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा का प्रचार के निर्देश दिए। डॉ अबरार के साथ संस्थापन शाखा के जयकुमार मान मौजूद थे।

## रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में ठेका पर शराब लेने गए युवक को बाकी रुपए मांगना महंगा पड़ गया। 3 युवकों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। एक युवक ने तो उसके सिर में लोहे के सरिए से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया। आरोपी उसकी जेब से 13 हजार रुपए निकाल भी ले गए। युवक ने मामले में टाउन पुलिस थाना में 3 युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। शेरगढ़ चौकी प्रभारी एसआई विजयपाल बिश्नोई ने बताया कि महेश कुमार (28) पुत्र नन्दलाल जाट निवासी वार्ड 2 आदर्शनगर, नौरंगदेसर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि उसके गांव में शराब का ठेका है। ठेका बंद होने के बाद भूराराम पुत्र ओम नायक निवासी आदर्शनगर अवैध रूप से शराब बेचता है। इस काम में हंसराज पुत्र पप्पू बाजीगर और कुलवंत पुत्र भोली बाजीगर निवासी आदर्शनगर उसका साथ देते हैं। सोमवार रात को करीब 8.30 बजे वह शराब लेने गया। उसने 500 रुपए भूराराम को देकर शराब का पव्वा लिया। जब उसने बाकी 430 रुपए मांगे तो आनाकानी करने लगा और गाली-गलौज की। पीडित ने बताया कि जब वह फोन पर बात करने लगा तो शराब के नशे में धुत भूराराम, हंसराज और कुलवंत ने उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। भूराराम ने लोहे के सरिए से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर नीचे गिर गया। इसके बाद तीनों लोग उसकी जेब में रखे 13 हजार रुपए निकालकर भाग गए। कुछ लोगों ने उसको घर पहुंचाया तो परिजन उसको सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया। पुलिस ने मारपीट व छीनाझपटी के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# ईसीबी के छात्रों ने बनाया स्मार्ट एनर्जी क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम

**बीकानेर,** (कासं)। घरों में लगे सोलर पैनल से बनने वाली बिजली की मॉनिटरिंग अब आसानी से की जा सकेगी। साथ ही इसका विक्रय भी आसानी से होगा।

बीकानेर के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक खास सिस्टम तैयार किया है। यह सिस्टम वोल्टेज करंट तथा एनर्जी मापन के साथ-साथ एक्टिव पॉवर रिएक्टिव तथा पॉवर फैक्टर इत्यादि का मापन करने में भी सक्षम है। छात्रों द्वारा बनाये गए स्मार्ट एनर्जी क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम को घरों के बाहर भी लगाया जा सकेगा। साथ ही यह डिवाइस बिजली चोरी रोकने में भी सहायक होगा। खास बात यह है कि इस डिवाइस को मोबाइल नेटवर्क से भी जोड़ा जा सकेगा। इसके सम्पूर्ण डाटा जैसे कि एनर्जी, वोल्टेज करंट को जीएसएम मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से विश्व में कहीं भी भेजा जा सकेगा।

इस सिस्टम के आधार पर इलेक्ट्रिकल एनर्जी की निगरानी करते हुए एनर्जी के बेहतर उपयोग के साथ ही अपव्यय को खत्म किया जा सकेगा।

■ इसके सम्पूर्ण डाटा जैसे एनर्जी, वोल्टेज करंट को जीएसएम मोबाइल नेटवर्क के माध्यम कहीं भी भेजा जा सकेगा

विभागाध्यक्ष हरजीत सिंह ने बताया कि छात्रों द्वारा बनाया गया मॉनिटरिंग सिस्टम इनपुट पावर की क्वालिटी की जांच कर सकता है। यह सौ एम्पियर तक की करंट रेटिंग पर काम कर सकता है। यह ओवर वोल्टेज तथा ओवर करंट प्रोटक्शन की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

प्रो. राहुल राज चौधरी ने बताया कि इस सिस्टम को घर के बाहर भी लगाया जा सकेगा। साथ ही आप कहीं पर भी बैठे हों तो मोबाइल के माध्यम से भी निगरानी रख सकते हैं। यह सिस्टम छोटे से करंट ट्रांसफॉर्मर के साथ पोटेंशियल डिवाइडर के माध्यम से करंट तथा वोल्टेज को सटीकता से सेन्स करके आइसी में मौजूद लॉजिक के आधार पर विभिन्न पैरामीटर की गणना करेगा। साथ ही इसके सिम मॉड्यूल के साथ यह मोबाइल नेटवर्क से कनेक्ट हो सकेगा। प्रो. चौधरी ने बताया कि अभी इस सिस्टम के ऊपर और काम करने की जरूरत है, जिसमें खासकर लागत में कमी के संदर्भ में।

विभागाध्यक्ष के अनुसार इस सिस्टम के निर्माण में करीब 30 हजार रुपए की लागत और चार महीने का समय लगा। यह सिस्टम बाजार में उपलब्ध एनर्जी मीटरिंग सिस्टम के मुकाबले एक हजार रुपए से कम में उपलब्ध हो सकेगा। एप्लीकेशन स्पेसिफिक इंटीग्रेटेड सर्किट यानी एडीई - 7953 के साथ बनाए गए इस सिस्टम के इलेक्ट्रोनिक सर्किट, पीसीबी का डिजाइन एवं उसके बाद पूरे सर्किट के साथ अंतिम निर्माण रोहन, विकास, अनिमेष, देव किशन, भव्य, शिव कुमार तथा कृष्ण कुमार की टीम ने किया है। विभागाध्यक्ष हरजीत सिंह एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राहुल राज चौधरी के निर्देशन में यह कार्य हुआ।

## पार्श्वचन्द्र गच्छ का संवत्सरि पर्व आज

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर पार्श्वचन्द्र सूरिश्वरगच्छ की साध्वीश्री सुव्रताश्री ने बुधवार को आसानियों के चौक के बड़े उपासरे में साध्वीश्री पदमप्रभा के सानिध्य में कल्पसूत्र का वांचन पूर्ण किया।

गुरूवार को कल्पसूत्र मूलपाठ बारासा सूत्र का वांचन किया जायेगा तथा प्रतिक्रमण के साथ संवत्सरि पर्व मनाया जायेगा। अनेक श्रावक श्राविकाएं पौषध, उपवास, बेला, तेला व अट्ठाई आदि की तपस्याएं करेंगे। साध्वीश्री सुव्रताश्रीजी बुधवार को कहा कि सच्चे ज्ञान को सम्यक ज्ञान कहते है, इसके पांच भेद है। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनपर्याय ज्ञान व कैवल्य ज्ञान।

उन्होंने कहा कि इंद्रियों व मन द्वारा जो पदार्थों का बोध होता है, उसे मति ज्ञान कहते है, मतिज्ञान द्वारा जाने हुए पदार्थों को विशेष रूप से जानना, श्रुतज्ञान कहलाता है। द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादा लेकर जो ज्ञानरूपी पदार्थों को जानने को अवधि ज्ञान कहते है। जो ज्ञान दूसरे के मन के विचारों को जान लेता है, उसे मन पर्याय ज्ञान कहते हैं।

# सुखी संघ के तीन हजार पदयात्री रामदेवरा रवाना

**नोखा,** (कासं)। क्षेत्र में नोखा से रूणीचा पैदल जाने के लिए प्रसिद्ध सुखी संघ के तीन हजार से अधिक पदयात्री गाजे-बाजे के साथ लोक देवता बाबा रामदेव के जयकारे लगाते हुए रामदेवरा पदयात्रा पर रवाना हुए।

रात्रि ठहराव कक्कू गांव में हुआ जहां आरती के साथ आस्था सैलाब उमड़ा। रवानगी से पूर्व संघ ने हरीराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर, तहसीलदार नरेन्द्र बापेड़िया, सीआई ईश्वरप्रसाद जांगिड़, उपाध्यक्ष निर्मल भूरा ने संघ पदयात्रियों को बाबा की ध्वजा हाथों में देकर रवाना किया। सुखी संघ की इस बार 40 वीं पदयात्रा रूणीचा रवाना हुई। इसको अविस्मरणीय बनाने को लेकर संघ के कार्यकर्ताओं व पदयात्रियों में उत्साह देखने को मिला। संघ की रवानगी के समय एक हजार फीट लम्बी बाबा रामदेवजी की ध्वजा को हाथों में थामे हुए जयकारे लगाते रवाना हुए।

रूणीचा में बाबा रामेदवजी की समाधि के दर्शन करते समय यह ध्वजा अर्पित की जायेगी। पदयात्रा में जाने वाले पदयात्रियों के सामान के लिए 100 से

■ एक हजार फीट लम्बी ध्वजा के साथ रूणीचा रवाना

अधिक छोटे वाहन और दो दर्जन बड़े ट्रक भी शामिल हैं। इनमें पदयात्रियों के बिस्तर, टैंट, बर्तन, अल्पाहार सहित अन्य सामान भरा है। जानकारी के अनुसार सुखी संघ में तीन हजार से अधिक पदयात्री नोखा से रूणीचा के लिए रवाना हुए हैं। संघ के पूर्व अध्यक्ष मोहन पंचारिया ने बताया कि रास्ते में भोजन व नाश्ते की व्यवस्था के लिए 72 हलवाई चार शिफ्ट में सुबह-शाम खाने की व्यवस्था करेंगे। इस पदयात्रा के लिए चार चिकित्साकर्मियों की टीमें बनाई गई हैं, जिसमें दर्जनभर से अधिक चिकित्सक और चिकित्साकर्मी शामिल हैं। ये टीमें पदयात्रा में ठहराव के दौरान पदयात्रियों के स्वास्थ्य संबंधी जांच करेगी और दवाएं उपलब्ध करायेगी। संघ के पदयात्रियों के लिए रास्ते में हर 500 मीटर पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है, इसके लिए 26 हजार लीटर ठंडे पानी के दो बड़े टैंकर साथ रहेंगे।

# जहरीला स्प्रे पीने वाले युवक की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के सादुलशहर इलाके के गांव तख्तहजारा सिखान में दस दिन पहले जहरीला स्प्रे पी लेने वाले एक नाबालिग की पंजाब के बठिंडा में एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

परिजन उसका शव बुधवार दोपहर सादुलशहर लेकर आये। उनका आरोप है कि नाबालिग जिस स्कूल में पढ़ता था। उसी स्कूल के संचालक ने उसे डराया धमकाया। इसी से परेशान होकर उसने स्प्रे पीकर जान दे दी। परिजन दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे तक स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान वे सादुलशहर के अस्पताल में जमे रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव लेने से इनकार कर दिया था। स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज होने पर ही वे माने तथा नाबालिग का शव लिया। नाबालिग गांव तख्त हजारा सिखान के लवप्रीत सिंह ने करीब बीस दिन पहले दस अगस्त को जहरीला स्प्रे पी लिया था। उसे पहले सादुलशहर और फिर श्रीगंगानगर में भर्ती करवाया गया।

बाद में उसे पंजाब के अस्पतालों में भी भर्ती रखा गया। इलाज के दौरान नाबालिग ने पुलिस को बयान दिए थे। इसमें सादुलशहर के एक प्राइवेट स्कूल के संचालक पर आरोप लगाये थे।

## मेघवाल ने मंदिर में दर्शन किए

**दियातरा,** (कासं)। कोलायत से 15 किमी. दूर दियातरा में स्थित दियातरा धाम में रामदेवजी का चमत्कारी मंदिर स्थापित है। अर्जुनराम मेघवाल ने रामदेव मंदिर में दर्शन किए।

दियातरा धाम में बाबा रामदेव के दिव्य दर्शन की प्राप्ति होती है। अर्जुनराम मेघवाल स्वयं एक आध्यात्मिक गुणों के धनी है। उन्होंने इस मंदिर को खूब सहराया। दियातरा धाम में निश्चल भाव से सेवा कार्य किया जा रहा है यह अनुकरणीय है। दियातरा धाम स्व. सेठ मूलचंद नौलखा द्वारा निर्मित है। दियातरा धाम में सामाजिक समरसता के इस मेले में राजस्थान ही नहीं पूरे देश से लोग लाखों की तादाद में शिरकत करते है।

# बिना कोचिंग किये आरजेएस टॉपर बनी अंजली जानू

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के एक गांव की बेटी अंजली जानू ने राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस (आरजेएस) सिविल जज कैडर 2021 परीक्षा में परचम फहराकर में प्रदेश में टॉप किया। धीरदेसर चोटियान गांव निवासी अंजली ने आरजेएस परिणाम में 214 अंक हासिल किए हैं।

अंजली ने बताया कि सेल्फ स्टडी कर दूसरे प्रयास में आरजेएस टॉप करने में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता का श्रेय माता-पिता और दोस्तों को देती हैं। उनके पिता सुरेश

■ श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के एक गांव की बेटी है अंजलि जानू

कुमार जानू बीदासर के स्कूल में पुस्कालयाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है और माता सुधा जानू रिड़ी में राजकीय विद्यालय में अध्यापिका है। नेशनल लॉ कॉलेज जोधपुर से एलएलबी की डिग्री हासिल करने के बाद आरजेएस की तैयारी में जुट गई। ताऊ भंवरलाल जानू व अधिवक्ता गोपीराम जानू ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाने पर अंजली का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। अंजली जानू का कहना है कि सफलता के लिए स्वयं पर नियंत्रण जरूरी है। मोबाइल का उपयोग भी इसी से तय हो कि वह पढ़ाई में वैल्यू एड कर रहा है या फिर कॅरियर में बाधक बन रहा है। ग्रामीण लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने में पूरा सपोर्ट नहीं मिलता। ऐसे में उन्हें जो अवसर मिले उसे छोड़ना नहीं चाहिए। अन्यथा अवसर मिलना ही बंद हो जायेंगे। अंजली ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए घर से बेहतर कोई जगह नहीं है। घर में रोजाना पांच से छह घंटे तैयारी से सफलता हासिल की।

# शिक्षा मंत्री कल्ला ने किया पशु आहार संयंत्र का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बुधवार को राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड के लालगढ़ स्थित पशु आहार संयंत्र का निरीक्षण किया।

शिक्षा मंत्री ने संयंत्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने रॉ मेटेरियल, पैकेजिंग, लोडिंग सहित अन्य प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पशु आहार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पशु आहार के विक्रय की स्थिति जानी और कहा कि डेयरी समितियों को उचित दर पर आहार उपलब्ध करवाया जाए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि गौवंश के लम्पी स्किन रोग के मद्देनजर जागरूकता अभियान में उरमूल डेयरी भी योगदान दे। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही इसे खत्म किया जा सकेगा। इसके लिए सरकार द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। संक्रमित गोवंश के आइसोलेशन और मृत पशु का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस



शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने लालगढ़ स्थित पशु आहार संयंत्र का निरीक्षण किया।

■ रॉ मैटेरियल, पैकेजिंग, लोडिंग सहित अन्य प्रक्रिया की जानकारी ली

दौरान उन्होंने यहां गणेश पूजन भी किया। प्रबंधक एस.एन. पुरोहित ने संयंत्र की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

इस दौरान प्रयोगशाला प्रभारी डॉ. दीवान सिंह, संयंत्र प्रभारी कपिल स्वामी, सहायक प्रबंधक (गुण नियंत्रण) डॉ. उर्मिला चौधरी मोहित बत्रा, महेन्द्र कल्ला, रमेश अग्रवाल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुनील बोड़ा आदि मौजूद थे।

**लाइब्रेरी का उद्घाटन किया :** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बुधवार को वैद्य मघाराम कॉलोनी स्थित गोदारा लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में शांत और वातानुकूलित वातावरण में विद्यार्थी एकाग्रता से अध्ययन कर सकेंगे। इस दौरान युवाओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि युवा लक्ष्य निर्धारित करते हुए, पूर्ण समर्पण के साथ इसके लिए जुट जाएं।

लाइब्रेरी के संचालक प्रदीप गोदारा ने यहां की सुविधाओं के बारे में बताया। इस दौरान महेन्द्र कल्ला, यशपाल गहलोत, देवकिशन चांडक, प्रदीप शर्मा, शांतिलाल, महबूब खान, भोजराज शर्मा, नवीन बिहानी, नारायण डागा, रामदेव राठी, गोपाल राठी आदि उपस्थित थे।

# गणपति को लगाया 51 हजार लड्डूओं का भोग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गणेश चतुर्थी पर श्रीगंगानगर के श्री मनोकामना सिद्धि गणेश मंदिर में गणपति को 51 हजार लड्डूओं का भोग लगाया।

ये लड्डू पिछले चार दिन तक मेहनत के बाद तैयार किये गए हैं और इसके लिए पंद्रह लोगों की टीम ने लगातार काम किया। बेसन, ड्राइफ्रूट, घी, चीनी, इलायची दाना का उपयोग किया गया है। लड्डू बनाने में छह क्विंटल बेसन, दो क्विंटल मेवे, बारह क्विंटल चीनी, छह क्विंटल घी का उपयोग किया। इन्हें बुधवार शाम को गणपति को भोग लगाया गया।

मंदिर में शुरू से ही जयपुर के मोती डूंगरी स्वरूप गणेश मंदिर की तर्ज पर पूजा अर्चना और भोग की व्यवस्था रही है। मंदिर से जुड़े कमल बाजोरिया बताते हैं कि बीस साल पहले मंदिर में परम्परा शुरू की गई। शुरू में थोड़े मोदक का भोग लगता लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता चला गया। अब 51 हजार मोदकों का भोग लगाया जाता है।

गजमोदक का भोग लगाने के लिए विशेष मेहनत की जाती है। गजमोदक को आकार देने के लिए चार से पांच लोगों की टीम लगती है। इस टीम ने मंगलवार को ही गजमोदक के लिए तैयारी शुरू कर दी। इस टीम ने गजमोदक बनाने के लिए काली मिट्टी के विशेष मटके बनवाए। इन मटकों में मंगलवार को तैयार बूंदी को सावधानी से डाला गया। इसे करीब बारह घंटे से ज्यादा समय तक मटकों में रखा। इससे इन्हें बड़े मटके जैसा आकार मिल गया। बाद में सावधानी से मटका तोड़ दिया गया। इससे लड्डू मटके से बाहर आ गया। मटके से बाहर आने पर भी इसके बिखरने का डर था।

■ लड्डू बनाने में छह क्विंटल बेसन, दो क्विंटल मेवे, बारह क्विंटल चीनी, छह क्विंटल घी का उपयोग किया गया

■ गजमोदक बनाने के लिए काली मिट्टी के विशेष मटके बनवाए थे

ऐसे में इसे पॉलीथिन पैकिंग के साथ कुछ घंटे के लिए बर्फ से ढक दिया गया। बर्फ में ढकने से यह सख्त हो गया और इसे आसानी से गणपति को भोग लगाया गया। दो गजमोदक में 80 किलो बेसन, चालीस किलो चीनी, चालीस किलो घी, तीन टीन काजू, मगज और अन्य सामान उपयोग किया। इसके बनाने वाले हलवाई कालूराम बताते हैं कि गजमोदक तैयार करना अपने आप में कला है। इसके अलावा पिछले चार दिन से पूरी मेहनत करके ये लड्डू तैयार किए गए हैं। मंदिर समिति आयोजन से कुछ दिन पहले ही श्रद्धालुओं को गणेश चतुर्थी को गणपति को लगने वाले सवामणी के बारे में बता देती है। श्रद्धालु इसकी राशि मंदिर में जमा करवा देते हैं और एक सवामणी के एक हजार लड्डू के हिसाब से लड्डू तैयार करवाए जाते हैं।